53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 22.4°c | अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:35, सूर्यास्त - 6:56 | वर्ष : 53/ अंक : 121 | शनिवार, 03 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मजबूत रिश्ते चीजों के लेन-देन से नहीं, सच्ची व शुभ भावनाओं के लेन-देन से बनते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए,उन्हें सर्वे और सेंसस का फर्क तक पता नहीं : धर्मेंद्र प्रधान



जयराम रमेश, वेणुगोपाल और पित्रोदा को तो पता होगा?.......

# बाल-बाल बचे राकेश, पगड़ी पर निकाला हिन्दू संगठनों ने जनाक्रोश





## टाउन हॉल के मैदान में दिखा भगवा ही भगवा

## पिछले रास्ते से आनन-फानन में पुलिस ने ताला तोड़कर राकेश टिकैत को निकाला

## ऐतिहासिक बन गयी हिन्दू संगठनों की रैली

**मुजफ्फरनगर, 2 मई (बु.)।** विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक संगठनों के आह्वान पर देशभक्ति से ओतप्रोत आक्रोश रैली में उमड़े जनसैलाब ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पर पाकिस्तान के बजाय राकेश टिकैत पर अपना आक्रोश निकाल दिया। बामुश्किल राकेश टिकैत को टाउन हॉल के मैदान से भारी पुलिसबल के बीच बाहर निकाला गया। टिकैत को पिछले रास्ते से गेट का ताला तोड़कर बल्लियों के बीच में से बामुश्किल निकालने के बाद प्रशासन ने चैन की सांस ली। जैसे ही राकेश टिकैत हजारों भगवा झण्डों के बीच में टाउन हॉल पर बनी मचान पर यशवीर महाराज के साथ खड़े हुए तो हिन्दू संगठनों के विरोध के स्वर इतने तीखे हो गए कि हिन्दू संगठनों के लोगों ने राकेश के खिलाफ हूटिंग शुरू कर दी। हूटिंग होते देख प्रशासन अलर्ट मोड पर आया, इतने में हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नारे लगाने शुरू कर दिये। इसी बीच राकेश टिकैत की पगड़ी पर एक युवक द्वारा भगवा ध्वज मारा गया। धक्का-मुक्की के बीच राकेश टिकैत की पगड़ी नीचे जा गिरी। जैसे ही सोशल मीडिया पर उक्त वीडियो वायरल हुआ तो नगर का माहौल गर्मा गया और राकेश टिकैत ने मीडिया के माइकों पर बयान दिया कि पूरी तरह सुनियोजित ढंग से उन्हें घेरने का प्रयास किया गया। राकेश टिकैत ने कहा कि यह रैली किसी की निजी रैली नहीं है, बल्कि पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश की रैली है, मगर यहां आने के बाद उन्हें यह विश्वास हो गया कि यह रैली एक प्रायोजित रैली है जो खुद सरकार के नुमाइंदों द्वारा ही कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वे पाकिस्तान के विरोध में कल भी थे और आज भी हैं।

"आतंकी हमले के विरोध में हुई जनआक्रोश रैली में हमले के बाद राकेश टिकैत ने अपना बयान देते हुए कहा कि वे तो जनाक्रोश रैली में आतंकी हमले के विरोध में पहुंचे थे, मगर उन्हें एहसास नहीं था कि वहां एक विशेष विचाराधारा के लोग मौजूद थे। उन्होंने अपने बयान में यह तक कहा कि कुछ लोगों ने वहां शराब पी रखी थी और उन लोगों ने ही उन पर हूटिंग की। धक्का-मुक्की की बात पर टिकैत ने कहा कि इतनी भीड़ में धक्का मुक्की तो हो ही जाती है। उन्होंने कहा कि अब वे अपने दम पर जनाक्रोश रैली जल्द ही करके दिखाएंगे और उसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं।"

**राकेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता भाकियू**

### सीसीटीवी फुटेज में नहीं मिला कोई हमला : एसपी सिटी

**मुजफ्फरनगर।** एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने टाउन हॉल मैदान में जन आक्रोश रैली के दौरान हुई राकेश टिकैत के खिलाफ हूटिंग के जवाब में उन्होंने कहा कि उनके द्वारा मौके की सीसीटीवी फुटेज देखी गयी है, जिसमें राकेश टिकैत पर किसी प्रकार का कोई हमला होना प्रतीत नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ हूटिंग की गयी तथा धक्का मुक्की के बीच उनकी पगड़ी उतरकर गिर गयी थी। मौके पर पर्याप्त पुलिसबल तैनात था और शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम है।






## अभूतपूर्व बंद, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

**मुजफ्फरनगर।** शाम ढलने से पहले लगभग 3 बजे बाजार में शटर डलने शुरू हो गये। ठीक तीन बजे मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय का शटर गिराकर पहलगाम में मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद पूरे शहर में बंद होने की फोटो बुलेटिन के सोशल मीडिया पर बाजारों के लोगों ने स्वयं भेजी, जिसे व्हाट्सग्रुप व फेसबुक के माध्यम से सार्वजनिक किया गया। शाम 5 बजते तक ही पूरा शहर टाउन हॉल के मैदान में उमड़ पड़ा। भीड़ में मानों लोगों के सिर ही सिर दिख रहे थे। इसके बाद ठीक 5:15 बजे जब टाउन हॉल से जनसैलाब सड़कों पर निकला तो लोग इतनी भारी भरकम भीड़ देखकर हैरत में रह गए। भारत माता की जय, वंदे मातरम की गूंज आसमान तक पहुंची और लोगों ने जमीन पर पाकिस्तान के झण्डे गिराकर उन्हें अपने पैरों से रौंदा। पाकिस्तान के झण्डे के टुकड़े-टुकड़े सड़कों पर बिखरे मिले और नीम का पत्ता कड़वा है, पाकिस्तान भड़वा है के नारे लगे। इस मौके पर अपने -अपने विचार व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ खूब गुस्सा मीडिया के चैनलों पर दिखाया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज पाकिस्तान को मुजफ्फरनगर से ही अनोखा मैसेज जाएगा और पाकिस्तान को अंदाजा हो जाएगा कि अकेला मुजफ्फरनगर ही एकजुट होकर पाकिस्तान के सामने बॉर्डर पर खड़ा होकर उसे मिनटों में नेस्तोनाबूद कर सकता है। रैली में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़ ने टाउन हॉल से अंसारी रोड, अंसारी रोड से नावल्टी चौक से मुड़ते हुए शिवचौक पर आकर फिर दोबारा टाउन हॉल मैदान में जमावड़ा किया और राष्ट्रीय गान के साथ रैली का समापन कर दिया गया।

## नरेश टिकैत के बयान का गुस्सा राकेश पर उतरा

**मुजफ्फरनगर।** दरसअल चार दिन पहले सोशल मीडिया पर नरेश टिकैत ने पाकिस्तान का पानी बंद करने पर अपना दर्द बयां किया था और यह दर्द पाकिस्तान के पक्ष में था। तभी से हिन्दू संगठन भड़के हुए थे और आज जैसे ही राकेश टिकैत टाउन हॉल जनाक्रोश रैली में पहुंचे तो एकाएक माहौल में गर्मी आ गयी और हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता भड़क गए। सबसे पहले जिस मचान पर राकेश टिकैत यशवीर महाराज के साथ खड़े थे, गुस्से की शुरूआत तो वहीं से हो गयी थी और बैनर पर हाथ मार-मारकर हिन्दू संगठन के एक कार्यकर्ता ने विरोध दर्ज कराना शुरू किया और कहा कि जिसका भाई पाकिस्तान के पक्ष में पानी रोकने का दर्द बयां करता है, वो यहां क्या करने आया है? मचान से नीचे उतरते-उतरते हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं का गुस्सा राकेश की पगड़ी तक जा पहुंचा और भीड़ के बीच में किसी ने उनकी पगड़ी पर भगवा झण्डा दे मारा। धक्का-मुक्की के दौरान उनकी पगड़ी खुद ही उतर गयी और यही समाचार सोशल मीडिया पर सुर्खियां बन गया।

## राकेश टिकैत का समर्थन करने पहुंचे हरेन्द्र मलिक व राजपाल बालियान

**मुजफ्फरनगर।** राकेश टिकैत के साथ टाउन हॉल में हुई हूटिंग की घटना के बाद मुजफ्फरनगर से सांसद हरेन्द्र मलिक व बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान उनके मुजफ्फरनगर आवास पर पहुंचे और उक्त घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि उक्त मामला पहले से ही प्रायोजित लग रहा है और इतने बड़ी पर्सनैलिटी के साथ ऐसा करना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिले के अधिकारियों को इस मामले में वास्तविक जांच कर उन लोगों पर कार्यवाही करनी ही होगी, जिन्होंने राकेश टिकैत के खिलाफ हूटिंग की है। उन्होंने कहा कि राकेश टिकैत तो किसी दल के व्यक्ति नहीं हैं, मगर उनका सम्मान सभी दल करते हैं, ऐसे में उनके सम्मान की रक्षा करनी चाहिए।

## केदारनाथ के बाद, केदार श्री तुंगनाथ जी के कपाट भी खुले

**तुंगनाथ/उखीमठ/रूद्रप्रयाग 02 मई (वार्ता)** पंचकेदारों में प्रतिष्ठित तृतीय केदार श्री तुंगनाथ जी के कपाट शुक्रवार पूर्वाह्न 10.15 बजे विधि विधान से खुल गये है। प्रसिद्ध कथावाचक व्यास आचार्य लंबोदर मैठाणी, श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधक बलबीर नेगी की उपस्थिति में आचार्य पुजारी विजय भारत मैठाणी तथा अन्य पुजारी गणों ने कपाट खोलने की प्रक्रिया पूरी की। श्री तुंगनाथ जी के स्यंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप दिया गया। इस अवसर पर पांच सौ से अधिक लोगों ने बाबा तुंगनाथ जी के दर्शन किये। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया था। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट खुलने पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी है।


आँखों के सफेद मोतिया बिन्द का कैम्प

आयुष्मान कार्ड वालों का मुफ्त आपरेशन

रविवार, 4 मई 2025

समय– प्रातः 10.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

परामर्श चिकित्सक

डा0 ईशा गुप्ता

M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)

नेत्र रोग विशेषज्ञ

स्थान: हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

आर्य समाज रोड, निकट महावीर चौक,अग्रवाल मार्केट के पीछे, मुजफ्फरनगर

कैम्प के लिए नाम पहले से लिखायें
(कैम्प में 40 वर्ष से अधिक उम्र के मरीज दिखायें)
Phone: 8194092424, 8126737290

- सफेद मोतियाबिन्द के ऑप्रेशन किफायती दरों पर किये जायेंगे।
- आयुष्मान कार्ड वालों का मुफ्त आपरेशन
- जरूरतमन्द रोगियों को मुफ्त दवा दी जायेगी।
- आँखों की सभी जाँच मुफ्त की जायेंगी।

हर्ष आईकेयर में फेको विधि द्वारा विदेशी मशीनों से सफेद मोतियाबिन्द का ऑप्रेशन (ना इंजेक्शन, ना टांका, ना दर्द) किया जाता है।

उच्चतम क्वालिटी के फोल्डेबल लैंस लगाये जाते हैं।

आयुष्मान भारत योजना में आँखों के विदेशी एवं देशी लैंस मुफ्त डाले जायेंगे।



श्रद्धांजलि सभा

ॐ शांति | ॐ शांति

ॐ असतो मा सद्गमय।तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री परषोतम सिंघल अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके 22 अप्रैल 2025, दिन-मंगलवार को प्रभु चरणों में विलीन हो गये हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी आत्मिक शांति हेतु शोक सभा

दिनांक 04 मई 2025, दिन- रविवार को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज दोपहर 12:00 बजे

रस्म पगड़ी अपराह्न 2:00 बजे से 3: 00 बजे तक

स्थानः- आशीर्वाद बैंकेट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार :-

श्रीमती संजु सिंघल (धर्मपत्नी) | गौरांग, ध्रुव (पौत्र)
अर्पित सिंघल-प्रिया सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु) | शौर्य, सात्विक (पौत्र)
कार्तिक सिंघल-पल्लवी सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु) | रोहित सिंघल (भतीजा)
नीता सिंघल (भाभी) | हर्ष सिंघल (भतीजा)
राकेश सिंघल-निशा सिंघल (भाई-भाभी) | गौरव सिंघल (भतीजा)

एवं समस्त मोगा परिवार

प्रतिष्ठानः-

• ARPIT KARTIK CASTING PVT.LTD. • GOPI PAPERS • GOKUL ISPAT

निवास स्थानः-

मकान नं0 88, गली नं0 12, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

M. 9568009191, 9927036360

# जनाक्रोश रैली को 165 संगठनों ने दिया समर्थन







# जन आक्रोश यात्रा में पाकिस्तानी आतंकवाद के विरुद्ध रोष प्रकट करने के लिए उमड़ा जन सैलाब

**मुजफ्फरनगर, 2 मई (बु.)।** दिन शुक्रवार में मुजफ्फरनगर शहर के टाउन हॉल के मैदान में एक जन आक्रोश यात्रा का आयोजन सभी देशभक्त नागरिकों के द्वारा किया गया। इस जनाक्रोश यात्रा में पहली बार ऐसा देखने में आया कि मुजफ्फरनगर शहर के समस्त नागरिकों ने सभी संगठनों ने जिसमें हिंदू संगठन, सामाजिक संगठन, व्यापारिक संगठन, धार्मिक संगठन, कर्मचारी यूनियन एवं रिक्शा चालकों के अलावा अन्य बहुत से संगठनों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया' इस जन आक्रोश यात्रा के आयोजकों ने मुजफ्फरनगर शहर के बाजार को आंशिक रूप से दोपहर 3:00 के बाद बंद करने की घोषणा की थी, जिसमें सभी व्यापारिक संगठनों ने सहयोग किया एवं देखने में आया कि दोपहर 3 बजे के बाद मुजफ्फरनगर शहर का पूरा बाजार यात्रा में शामिल होने के लिए पूरी तरह से बंद हुआ। अनुमान लगाया जा रहा है कि जन आक्रोश यात्रा में तकरीबन बीस हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस जन आक्रोश यात्रा में लोगों के चेहरों पर पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के विरुद्ध भयंकर रोष देखने को मिला। आज की इस जन आक्रोश यात्रा को स्वामी दीपंकर स्वामी,यशवीर महाराज एवं महामंडलेश्वर संत गोपाल दास महाराज द्वारा संबोधित किया गया। स्वामी दीपंकर महाराज ने कहा कि पिछले काफी सालों से देखने में आ रहा है कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद टारगेट किलिंग करने का कार्य कर रहा है। पूरे संसार में हिंदुओं को टारगेट करके आतंकी घटनाएं की जा रही हैं। बांग्लादेश में विगत् वर्ष में घटित घटना को अगर देखें तो सरकार का तख्ता पलट हुआ। बांग्लादेश में और तख्तापलट होने के बाद हिंदुओं को टारगेट करके नरसंहार किया गया। बंगाल में यदि देखें वक्त बिल संसद में पास हुआ। इस वक्त बिल के विरोध में बंगाल के मुस्लिम होने हिंदुओं को टारगेट करके उन पर जानलेवा हमला कर हिंदुओं को मारने का कार्य किया और अब जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना को देखें, तो वहां पर भी पाकिस्तान द्वारा पोषित इस्लामी आतंकवादियों के द्वारा हिंदुओं का धर्म पूछकर टारगेट किलिंग करने का कार्य किया गया जिसकी हम बेहद निंदा करते हैं। स्वामी यसवीर महाराज ने अपने संबोधन में कहा की पाकिस्तान हमें किसी भी तरह से कमजोर ना समझें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पाकिस्तानी आतंकवाद को पूर्ण रूप से कुचलना के लिए सक्षम है और जल्द ही पाकिस्तान को इसका करारा जवाब भी दिया जाएगा। सभी भारत सरकार के साथ हैं और इस बार आर-पार का वक्त है। भारत में मजबूत नेतृत्व और मजबूत इरादे की सरकार है। जन आक्रोश यात्रा पूरे व्यवस्थित तरीके से टाउन हॉल के मैदान से शुरू होकर मालवीय चौक-अंसारी रोड-नावल्टी चौराहा उसके पश्चात शिव चौक एवं शिव चौक से पुनः टाउन हॉल पहुंची। यात्रा मार्ग में पाकिस्तान के नक्शे भी सड़क पर लगाए गए थे, जिसके ऊपर से जनाआक्रोश यात्रा में शामिल लोग चले एवं अपना रोष पाकिस्तान के नक्शे पर प्रकट किया। यात्रा में पहली बार ऐसा देखने में आया कि मुजफ्फरनगर शहर के नागरिकों ने सभी संगठनों ने जिसमें हिंदू संगठन सामाजिक संगठन व्यापारिक संगठन धार्मिक संगठन कर्मचारी यूनियन रिक्शा चालकों के अलावा अन्य बहुत से संगठनों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि जन आक्रोश यात्रा में तकरीबन 20,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया इस जन आक्रोश यात्रा में लोगों के चेहरों पर पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद के विरुद्ध भयंकर रोष देखने को मिला। आज की इस जन आक्रोश यात्रा को स्वामी दीपंकर स्वामी, यशवीर महाराज एवं महामंडलेश्वर संत समाज गोपालदास द्वारा संबोधित किया गया। स्वामी दीपंकर महाराज ने कहा कि पिछले काफी सालों से देखने में आ रहा है कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद टारगेट किलिंग करने का कार्य कर रहा है। पूरे संसार में हिंदुओं को टारगेट करके आतंकी घटनाएं की जा रही हैं। बांग्लादेश में विगत वर्ष में घटित घटना को अगर देखें सरकार का तख्ता पलट हुआ बांग्लादेश में और तख्तापलट होने के बाद हिंदुओं को टारगेट करके नरसंहार किया गया। बंगाल में यदि देखें वक्त बिल संसद में पास हुआ, इस वक्त बिल के विरोध में बंगाल के मुस्लिम होने हिंदुओं को टारगेट करके उन पर जानलेवा हमला कर हिंदुओं को मारने का कार्य किया। और अब जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना को देखें तो वहां पर भी पाकिस्तान द्वारा पोषित इस्लामी आतंकवादियों के द्वारा हिंदुओं का धर्म पूछ कर टारगेट किलिंग करने का कार्य किया गया जिसकी हम बेहद निंदा करते हैं जन आक्रोश यात्रा में आज हिंदू संघर्ष समिति, विश्व हिंदू परिषद, टीम चेतक, संयुक्त हिंदू मोर्चा, बजरंग दल, अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल, क्रांति सेना, शिवसेना, व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल, फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिड टाउन, एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट, झांसी रानी व्यापार मंडल, संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश, उद्योग व्यापार संगठन हिंदू जागरण मंच, जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन, विश्व हिंदू महासंघ, नवीन मंडी व्यापार संघ, शहीद भगत सिंह एकता मंच, भ्रष्टाचार निवारक समिति राष्ट्रीय खटीक महासभा उत्तर प्रदेश, सनातन हिंदू वाहिनी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल, परिवर्तन संस्था रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर, विशाल प्रबुद्ध जन मंच, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, शहीद भगत सिंह क्रांतिकारी मंच अखिल भारत हिंदू महासभा, धीर सिंह पुंडीर संघर्ष समिति, नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर, योगी सेना, छत्रपति शिवाजी सेना, विश्वकर्मा एकता समिति, एंटी करप्शन, राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी, भारतीय विश्वकर्मा संगठन, रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर गैलेक्सी लघु उद्योग भारती इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया महिला सभा अखिल भारतीय करणी सेना, तेजस फाउंडेशन, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लायंस क्लब मुजफ्फरनगर, लायंस क्लब मुजफ्फरनगर, लोटस लायंस क्लब मुजफ्फरनगर, केंद्रीय लायंस क्लब मुजफ्फरनगर, चेतना लायंस क्लब मुजफ्फरनगर, दिव्या लॉरेंस क्लब मुजफ्फरनगर, प्रयाग लायंस क्लब मुजफ्फरनगर, उन्नति देव डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर, डीएवी इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर, डीएवी पीजी सेल्फ फाइनेंस कॉलेज मुजफ्फरनगर, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर, संगम लॉटरी क्लब मुजफ्फरनगर, स्टार समर्पित युवा समिति रजिस्टर्ड, समर्पित महिला शक्ति अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत स्वावलंबी भारत अभियान, राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी, गौ सेवा संघ, मौलाहेड़ी मार्केट एसोसिएशन, वैश्य संघ ममता बालियान, भाजपा नगर पालिका सभासद अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी, लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर, भगवती सरस्वती विद्या मंदिर, एवीएम योगा हेल्थ एंड साइंसेज डिग्री कॉलेज, अग्रवाल मार्केट व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन, पंजाबी समाज समिति संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उद्योग व्यापार मंडल, वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला समिति खोया व्यापार आरती एवं व्यापारी एसोसिएशन केमिस्ट एसोसिएशन साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट श्री कदीम अग्रवाल सभा मुजफ्फरनगर मावा मंडी से अतिरिक्त जनपद मुजफ्फरनगर के सभी वरिष्ठ जन प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष एवं सामाजिक संस्थाएं कर्मचारी संगठन व यूनियन राजनीतिक संगठन धार्मिक संगठन के साथ काफी संख्या में संगठनों ने इस जन आक्रोश यात्रा में भाग लिया।











## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 02 मई, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1290, लडडू 1600-1700, खुरपापाड़ 1500-1535, शक्कर मसाला-1630, आमद- 1500 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 02 मई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 96,000 | चांदी- | 96300 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 71545 |

## आपका आज का राशिफल
### शनिवार, 03 मई, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आृथक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# गंगा एक्सप्रेसवे पर गरजे लड़ाकू विमान, राफेल ने भरी उड़ान

**लखनऊ, 02 मई (एजेंसी)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर शुक्रवार को वायुसेना ने युद्धाभ्यास किया। राफेल, सुखाई और जगुआर जैसे लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया। जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर रात में भी लड़ाकू विमानों की लैंडिंग होगी। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का अठ-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई। करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया। हवाई पट्टी पर वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी उतरे। गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी होगी। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। वायुसेना के एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां लड़ाकू विमान दिन व रात दोनों समय में लैंडिंग कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एयर शो को देखते हुए वायुसेना ने हवाई पट्टी को पहले ही अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। विमान लैंडिंग का आयोजन दिन और रात दोनों समय में इसलिए किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके। हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग से पहले शाहजहांपुर में आंधी के साथ बारिश हुई, तो जलालाबाद में मौसम खुशगवार रहा। घने बदल मंडराते रहे और तेज हवा चलने से धूल के गुबार उठते रहे। मौसम बिगड़ने और बारिश की आशंका के चलते एकबारगी एयर शो और विमानों की लैंडिंग का कार्यक्रम स्थगित होने की भी चर्चा रही, लेकिन मौसम अनुकूल होने से लैंडिंग की तैयारियों को अंतिम रूप देने में पुलिस प्रशासन जुटा रहा। मौसम अनुकूल बनने पर एयर शो शुरू हुआ। इस दौरान राफेल जो आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और लंबी दूरी की मेटेओर मिसाइल से लैस, यह विमान सभी मौसम में ऑपरेशन कीक्षमता रखता है। एसयू-30 एमकेआई - भारत-रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित यह ट्विन-सीटर फाइटर लंबी दूरी तक स्ट्राइक करने में सक्षम है और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें लेकर उड़ान भर सकता है। मिराज-2000- फ्रेंच मूल का यह विमान हाई-स्पीड डीप स्ट्राइक में दक्ष है और न्यूक्लियर कैपेबल है। मिग-29- यह तेज गति, ऊंची उड़ान और राडार चकमा देने की क्षमता वाला लड़ाकू विमान है। जगुआर- यह ग्राउंड अटैक और एंटी-शिप मिशन में प्रयोग होने वाला सटीक स्ट्राइक विमान है। सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस- यह भारी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट विशेष बलों की तैनाती, आपदा राहत और रेस्क्यू मिशन में प्रमुख भूमिका निभाता है। एएन-32- ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सामान और जवानों की ढुलाई के लिए उपयुक्त ट्रांसपोर्ट विमान। एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर- सर्च एंड रेस्क्यू, मेडिकल एवेकुएशन और मानव सहायता कार्यों के लिए जरूरी बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टर। गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए।







## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 2355, दिनांक 06/04/2025 में गलती से नाम युग अंकित कराया गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम युगराज है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**बिल्लू भारती**
ग्राम + पो0- सीकरी, जिला- मुजफ्फरनगर
मो. 8533998409

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 3900, दिनांक 16/04/2016 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम अलफिया अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**कामिल**
ग्राम- राजूपुर, जिला- सहारनपुर

## नगरपालिका में रूकी 3 हजार एलईडी लाइटों की खरीद

**सहारनपुर/मुजफ्फरनगर, 02 मई (बु.)।** नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर में 3 हजार एलईडी लाइटों की खरीद को मंडलायुक्त के निर्देश पर अनियमितता बरते जाने पर रोक दिया गया है। मामले में पालिका के एक सभासद और कई फर्मों द्वारा पांच बिन्दुओं पर की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने जांच के आदेश जारी करते हुए अपने स्तर से ही मुजफ्फरनगर एडीएम के नेतृत्व में 3 सदस्यीय समिति गठित करने के साथ वित्तीय अनियमिता से जुड़े गंभीर आरोपों के प्रकरण में प्रमुख सचिव नगर विकास को भी पत्र भेजा है। इसमें पालिका ईओ और एक जेई पर आरोप लगाते हुए जांच समिति से एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। पालिका वार्ड 25 के सभासद राजीव शर्मा और कुछ ठेकेदार फर्मों ने मंडलायुक्त से पथ प्रकाश विभाग में निकाले गए टैंडरों और एलईडी लाइट खरीद में मनमाने ढंग से कार्य कर पालिका को करीब दो करोड़ रुपये की क्षति होने के आरोप लगाते हुए इसके लिए ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह व पथ प्रकाश प्रभारी जेई जितेन्द्र कुमार के खिलाफ जांच कराने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें 3 हजार एलईडी लाइटों को खरीदने के लिए निकाले गये टैण्डर में अनियमितता के आरोप में कहा गया कि ईओ स्तर से कई बार टैण्डर शर्तों को बदला गया, ताकि वो इसमें अपने स्वार्थ की पूर्ति करने के लिए कुछ विशेष ठेकेदारों को लाभ पहुंचा सकें। जांच समिति एडीएम वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर गजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ कोषाधिकारी व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड मुजफ्फरनगर को भी शामिल किया गया है।

## दो गुनी हुई है देश के बदंरगाहों की क्षमता, विझिंजम में पीएम मोदी



**नई दिल्ली, 02 मई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को केरल में विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज बंदरगाह का उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर करीब 8,867 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है। यह भारत में गहरे पानी का सबसे बड़ा बंदरगाह है। करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। पोर्ट का उद्घाटन करने हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब तक भारत के ट्रांसशिपमेंट का 75 फीसदी देश के बाहर के पोर्ट से होता था। इससे राजस्व का नुकसान होता था, लेकिन अब इसमें कमी आएगी, इस तरह से जो पैसा आएगा, उसे देश के विकास पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया बंदरगाह भारत के लिए नए आर्थिक अवसर लेकर आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जगतगुरु आदि शंकराचार्य की जयंती पर केरल पहुंचे हैं। उन्होंने इसका जिक्र अपने भाषण में किया। आदि शंकराचार्य का जन्म केरल में हुआ था। पीएम मोदी ने केरल को काशी और उत्तराखंड से जोड़ा। उन्होंने शंकराचार्य को नमन करते हुए कहा कि काशी के विश्वनाथ धाम में आदि शंकरचार्य जी की प्रतिमा लगी हुई है। उन्होंने यह भी कि कहा कि केदारनाथ धाम में उन्हें आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिला। विझिंजम पोर्ट की झमता आने वाले समय में तीन गुना बढ़ जाएगी। यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अब तक भारत का 75 फीसदी ट्रांसशिपमेंट भारत के बाहर के पोर्ट पर होता था। इससे देश को राजस्व का नुकसान होता था, लेकिन अब परिस्थितियां बदलने वाली हैं, अब देश का पैसा देश के काम आएगा। बीते एक दशक में बंदरगाह विकास से अलग बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बहुत प्रगति हुई है। राजमार्ग, रेलवे और हवाई अड्डों निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बीते एक दशक की कड़ी मेहनत और दूरदर्शी योजनाओं ने भारत के विकास में योगदान दिया है। इन 10 सालों में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हुई है। जलमार्गों का आठ गुना विस्तार हुआ है। भारत के दो बंदरगाह दुनिया के शीर्ष 30 बंदरगाहों में शामिल हैं। लॉजिस्टिक्स परफॉरमेंस इंडेक्स में भारत ने उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत जहाजों का निर्माण करने वाले दुनिया के 20 बड़े देशों की सूची में शामिल है। भारत सरकार ने नाविकों के लाभ के लिए कई सुधार किए हैं। इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। साल 2014 में भारत में नाविकों की संख्या 1.25 लाख से भी कम थी, यह संख्या अब बढ़कर करीब 3.25 लाख हो गई है। आज भारत दुनिया में सबसे अधिक नाविकों वाले चोटी के तीन देशों में शामिल है।

## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9780, दिनांक 31/12/2025 में गलती से माता का नाम नीरू अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम नीरू अरोरा है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**संदीप अरोरा**
570/A, गली नं.16, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

## पीएम शहबाज का यूट्यूब अकाउंट भारत में बंद



**नई दिल्ली, 02 मई (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर लगाम लगाने के लिए भारत सरकार ने कदम उठाया है। सरकार ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब चैनल समेत कई हाई-प्रोफाइल पाकिस्तानी सोशल मीडिया खाते भारत में ब्लॉक कर दिए हैं। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को भारत में ब्लॉक कर दिया। चैनल पर अब यह संदेश दिख रहा है- 'यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े सरकारी आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है।' शहबाज शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल खाता है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के खाते भी ब्लॉक किए जा चुके हैं। सरकार ने केवल राजनेताओं के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और न्यूज चैनलों के खातों पर भी कार्रवाई की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में 26 आम नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा। भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रही अफवाहों और दुष्प्रचार पर नकेल कसने के लिए यह कदम उठाए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया खातों को ब्लॉक करने का आदेश दिया है, जो भारत की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए भ्रामक सामग्री फैला रहे हैं।

## पहलगाम हमले पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं : मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली, 02 मई (एजेंसी)।** शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पहलगाम हमले पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। पहलगाम हमले के बाद सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार को पूरी सहायता देने की बात कही। खरगे ने कहा कि पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। हालांकि मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि पहलगाम हमले के बाद भी मोदी सरकार की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है। बैठक में कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से कई प्रस्ताव पेश किए गए। कांग्रेस ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले 26 परिवारों के साथ पार्टी एकजुटता और संवेदना के साथ खड़ी है। पूरा देश जवाबदेही, स्पष्टता और न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। इस अक्षम्य और उकसावे भरे हमले के मद्देनजर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मानती है कि यह राजनीति करने का समय नहीं है, यह वह क्षण है जब देश को एकजुटता, दृढ़ता और राष्ट्रीय संकल्प दिखाना चाहिए। बैठक में मांग की है कि पीड़ित परिवारों को दीर्घकालिक नैतिक और संस्थागत सहायता दी जाए। केवल मुआवजा पर्याप्त नहीं है, दीर्घकालिक पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, और शहीदों की स्मृति को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और नागरिक स्मरण के माध्यम से जीवित रखना भी उतना ही आवश्यक है।

## भूकंप के तेज झटकों से कांप उठी अर्जेंटीना की धरती, रिक्टर स्केल पर 7.4 की तीव्रता

**अर्जेंटीना, 02 मई (एजेंसी)।** अर्जेंटीना की धरती भूकंप के तेज झटकों से कांप उठी है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। भूकंप की तीव्रता को देखते हुए सुनामी अलर्ट जारी कर दिया गया है। भूकंप के तेज झटकों से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर की ओर खुले आसमान की ओर भागने लगे। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, दक्षिणी अर्जेंटीना में उशुआइया से 219 किलोमीटर दक्षिण में ड्रेक पैसेज में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तुरंत बाद सुनामी का अलर्ट जारी किया, जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों से तटों से दूर जाने और सुरक्षित जगहों पर जाने की अपील की। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली की ओर से भूकंप के केंद्र के 300 किलोमीटर के भीतर तटीय क्षेत्रों के लिए खतरनाक लहरों की चेतावनी जारी की गई है। इसके दायरे में अर्जेंटीना के साथ ही चिली का हिस्सा भी आता है। उधर, चिली की राष्ट्रीय आपदा रोकथाम और प्रतिक्रिया सेवा ने कहा कि देश के दक्षिणी सिरे में मैगलन क्षेत्र के तटीय क्षेत्र को सुनामी के खतरे के कारण खाली कराया जा रहा है। वहीं सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिसमें सुनामी वॉर्निंग सायरन बजते हुए और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाते हुए देखा गया।

## रामबन में बादल फटने से हुई भारी बारिश, एनएच-44 पर भूस्खलन; यातायात बंद



**रामबन, 02 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शुक्रवार को बादल फटने के कारण हुई भारी बारिश से भूस्खलन के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया गया। भारी बारिश के कारण चिनाब नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिसके कारण रियासी और अखनूर सेक्टरों के अधिकारियों ने लोगों को नदी के किनारे से दूर रहने की चेतावनी जारी की। यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि बादल फटने के कारण हुई भारी बारिश से अचानक बाढ़ आने के बाद रामबन के चंबा सेरी में भूस्खलन हुआ और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे सड़क साफ होने तक यात्रा न करें। कृपया अपनी यात्रा शुरू करने से पहले सड़कों की स्थिति की जांच करें। चंबा सेरी क्षेत्र में बादल फटने के बाद बारिश हुई, जिससे राजमार्ग पर भूस्खलन हुआ और चंबा में भूस्खलन के कारण राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और राजमार्ग को साफ करने के प्रयास जारी हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि राजमार्ग को साफ करने के लिए तीन मशीनें तैनात की गई हैं। इससे पहले, 20 अप्रैल को रामबन जिले में बादल फटने से हुई भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति उत्पन्न हो गई। बाढ़ और भूस्खलन के परिणामस्वरूप तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घरों, दुकानों और सड़कों को नुकसान पहुंचा।

## सूचना

मेरा नाम विक्रान्त है। मैं अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 743/20.01.2018 में बच्चे का नाम आनिया बालियान दर्ज कराना चाहता हूं। बच्चे की जन्म तिथि 11.01.2018 है। विक्रान्त ग्राम करवाडा जिला मुजफ्फरनगर।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## आतंकवादियों की मदद करने वाले

पहलगाम हमले के आतंकी अभी घाटी ही में छुपे हो सकते हैं, इस बात की संभावना जताई जा रही है। इस बात से यह भी साफ है कि इनकी मदद करने वाले, इनके दोस्त बड़ी संख्या में घाटी ही में हैं, जो इनकी जरूरतों का इंतजाम कर रहे हैं। इस हमले में सिर्फ निर्दोष लोगों का नाम पूछ कर उनकी हत्या करने वाले ही गुनहगार नहीं हैं, बल्कि वे भी गुनहगार हैं, जिन्होंने उनकी किसी भी तरह से मदद की। वे भी गुनाहगार हैं, जिन्होंने इन्हें हथियार दिये, उन हथियारों को चलाना सिखाया और नेक रास्ते से भटकाकर दहशतगर्द बनाया। यह एक बहुत बड़ा नेटवर्क है, जिसके लिए सरकार ने कहा है हत्यारों को, उनके आकाओं को, उनकी मदद करने वालों को, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादियों की किसी भी तरह से की गयी मदद गुनाह है, यह बात सीधी साफ है। यह भी साफ है कि आतंकियों ने यह गुनाह करके देशभक्त कश्मीरियों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी, उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस बर्बर हत्याकांड के बाद चिकित्सा वीजा पर भारत आए पाकिस्तानियों के लिए भी मुश्किल हो गयी है, उन्हें वापस पाकिस्तान भेजा जा रहा है। इस हमले के बाद ऐसा भी बहुत कुछ साफ हो रहा है, जिसका अंदाजा नहीं था। ऐसे पाकिस्तानी भी पकड़ में आ रहे हैं, जिनका वीजा समाप्त हो गया, मगर वे फिर भी अपने मददगारों की मदद से यहीं रह रहे हैं। इसमें भी गुनहगारों का एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। बिना वीजा के किसी देश में रहना गुनाह है, ऐसे किसी विदेशी की कोई भी मदद गुनाह है, उन्हें अपने घर में रखना गुनाह है, उनके फर्जी कागज बनवाना गुनाह है, लेकिन यह सब चल रहा था और यह अब साफ होकर उभर कर सामने आ रहा है। महाराष्ट्र में पाकिस्तान के 5023 नागरिकों के मौजूद होने की जानकारी सामने आई है, जिनमें 107 नागरिक पुलिस की पहुंच से फरार हैं और 34 अवैध रूप से राज्य में रह रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों की मौजूदगी का मुख्य कारण विभिन्न श्रेणियों के वीजा हैं, जिनमें लॉन्ग टर्म वीजा, सालाना वीजा रिन्यूअल, पाकिस्तानी पासपोर्ट सरेंडर कर भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले और भारत में शादी कर रहने वाले नागरिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 250 पाकिस्तानी नागरिक, जो शॉर्ट टर्म वीजा पर राज्य में आए थे, उनकी वापसी की प्रक्रिया केंद्र सरकार के निर्देश पर शुरू की जा चुकी है। आंकड़ों के अनुसार, 5023 पाकिस्तानी नागरिकों में से 107 नागरिक पुलिस की पहुंच से बाहर हैं, यानी वे अनट्रेसेबल हैं या भारत आने के बाद अंडरग्राउंड हो गए हैं। इनकी तलाश जारी है, जबकि 34 पाकिस्तानी नागरिक अवैध रूप से राज्य में रह रहे हैं। इस तरह हजारों पाकिस्तानी भारत में कई साल से रह रहे थे और सरकार को पता ही नहीं था कि कौन उन्हें पाल पोस रहा था। अब यह भी पता लगाया जा रहा है कि इनकी मदद कौन-कौन कर रहा था। यह भी साफ हुआ है कि पाकिस्तानियों को वीजा अस्पतालों के एड्रेस पर विदेश मंत्रालय दे रहा था। हैरानी इस बात पर जताई जा रही है कि जिन लोगों पर शक है कि वे भारत में कभी भी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, उनके लिए भारत में रहना कितना आसान है। मतलब कि अस्पतालों के एड्रेस पर सालों से वो भारत में घूम रहे हैं और फिक्र किसी को नहीं है। पहलगाम हमले के बाद जब केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया, तब यह खुलासा हुआ है कि हजारों पाकिस्तानी नागरिक भारत में वैध और अवैध रूप से कई वर्षों से रह रहे हैं, कहा यह भी जा रहा है कि यह संख्या लाखों में भी हो सकती है। भारत की राजधानी दिल्ली में सैकड़ों पाकिस्तानी नागरिकों के अस्पतालों के पते पर रहने की चौंकाने वाली बात सामने आई है। इनमें से कई लोग इलाज के लिए वैध वीजा पर आए थे, लेकिन वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रुके रहे। इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस को एक सूची सौंपी, जिसमें लगभग 5200 पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जो दिल्ली में रह रहे थे। इनमें से अधिकांश ने अपने पते के रूप में विभिन्न अस्पतालों को दर्ज किया था, विशेष रूप से मध्य दिल्ली, जामिया नगर, मजनू का टीला, और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली जैसे क्षेत्रों में। इनमें कुछ लोग अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे प्रमुख अस्पतालों में मुफ्त इलाज का लाभ उठा रहे थे, जबकि अन्य ने अस्पतालों के पते का उपयोग केवल निवास के लिए आधार के रूप में किया। इनमें से कई पाकिस्तानी नागरिक अल्पकालिक मेडिकल वीजा पर भारत आए थे, लेकिन वीजा समाप्त होने के बाद वे लापता हो गए या स्थानीय समुदायों में घुलमिल गए। कुछ मामलों में, उन्होंने फर्जी दस्तावेजों या भारतीय नागरिकों से शादी के माध्यम से अपनी उपस्थिति को वैध बनाने की कोशिश की। मजनू का टीला में लगभग 900 और सिग्नेचर ब्रिज के पास 600-700 पाकिस्तानी नागरिकों की मौजूदगी दर्ज की गई है। यह स्थिति दर्शाती है कि निगरानी तंत्र में गंभीर खामियां हैं, जिसके कारण इतनी बड़ी संख्या में लोग बिना किसी वैध दस्तावेज के दिल्ली में रह रहे हैं। विभाजन के बाद दोनों देशों के बीच लोगों का आवागमन सामान्य था पर दोनों देश के बीच संबंध सामान्य कभी नहीं रहे। कई युद्ध और अपरोक्ष युद्ध लगातार कई दशकों से चल रहे है। राजस्थान, पंजाब और दिल्ली जैसे सीमावर्ती या प्रमुख शहरों में पाकिस्तानी नागरिकों की उपस्थिति है। जैसलमेर में 6,000 से अधिक पाकिस्तानी दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे थे और पूरे राजस्थान में यह संख्या 20,000 तक थी। इस तरह की स्थिति को नजरअंदाज करना सरकारों की प्राथमिकताओं में कमी को दर्शाता है। आम तौर पर यह माना जाता रहा है कि भारत में वीजा नीतियां, विशेष रूप से पाकिस्तानी नागरिकों के लिए, हमेशा से जटिल रही हैं पर जिस तरह की घटनाएं सामने आईं हैं, उससे तो यही लगता है कि भारत में राशन कार्ड बनवाने से भी आसान है, यहां का वीजा लेना। पंजाब में 83,000 और दिल्ली में 5,000 पाकिस्तानी नागरिकों की उपस्थिति का पता तब चला, जब सरकार ने सख्ती दिखाई। हरियाणा में सिर्फ पाकिस्तानी ही नहीं, बल्कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस विभाग को इनपुट मिला है कि कुछ बांग्लादेशी बिना किसी वैध दस्तावेज के हरियाणा के कुछ जिलों में रह रहे हैं। इसी के आधार पर पुलिस ने घर-घर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'इज्जत' 'दुनिया' 'टुकड़ा' 'पाकिस्तान'

कोई भी इज्जत नहीं है पूरी दुनिया में कहीं,<br>
एक टुकड़ा बन गया बेजान बन कर रह गया।<br>
चन्द शैतानो के कब्जे का नतीजा देखिए,<br>
अच्छा खासा मुल्क पाकिस्तान बन कर रह गया।

# प्रभारी मंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

### - प्रभारी मंत्री ने निमार्णाधीन ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यो में तेजी लाने दिए निर्देश





**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बुस.)।** जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री, दर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर ने आज जनपद में पहुंच कर तहसील खतौली के प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील, जन कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण कार्यों आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने ग्राम पंचायत रायपुर नगली में कंपोजिट विद्यालय एवं पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने तहसील खतौली स्थित ग्राम टबीटा में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी व संस्था को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाए। प्रभारी मंत्री ने तहसील खतौली का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने तहसील में सूचनापट को देखा और निर्देश दिए कि सूचना पट पर सार्वजनिक सूचनाओं को नियमानुसार लगाया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी खतौली को निर्देश दिए कि जनसुनवाई रजिस्टर अपडेट रहे, कोई भी शिकायत पेंडिंग में ना रहे, प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण किया जाए। शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि खतौली के पास टूटी सड़क को सही करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि सभी पत्रावलियां अपडेट रहें तथा सुव्यवस्थित ढंग से रखी जाए। प्रभारी मंत्री ने तहसील खतौली के अंतर्गत नावला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं उचित पाई गई। मंत्री द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज 43 मरीजों देखा गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी दवाइयां मौजूद हैं और मरीजों के बैठने के लिए चेयर हैं, मरीज को भर्ती करने के लिए 6 बैड की व्यवस्था है, पीने के पानी आदि की व्यवस्था है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि मरीज से सकुशलपूर्वक व्यवहार किया जाए। मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में सभी दवाइयां उपलब्ध रहें। उन्होंने मरीजों को कोई भी किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इस तरह के कार्य किये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम खतौली मोनालिसा जौहरी, तहसीलदार खतौली श्रद्धा गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सीएमओ सुनील तेवतिया, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार आदि सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अब कंपनी के खिलाफ फूटा कर्मियों का गुस्सा, थाने में प्रदर्शन

### - डंपर चालक ने लगाया गाली-गलौच व अभद्रता का आरोप



**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम कर रही निजी कंपनी एमआई2सी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। शुक्रवार को इस कंपनी में कार्यरत दर्जनों ड्राइवर एवं सफाई कर्मचारियों ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर कंपनी अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं हंगामा किया। उक्त कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर दुर्व्यवहार, शोषण और बिना गलती के कर्मचारियों को नौकरी से निकालने जैसे तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। शुक्रवार को कंपनी अफसरों के उत्पीड़न से आहत दिखे दर्जनों सफाई कर्मचारिी ने डंपर चालक रवि के साथ सिविल लाइन थाने पर पहुंचे, जहां डंपर चालक रवि ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीते दिवस डीजल भरवाने के दौरान डंपर की जाली खुली मिलने पर कंपनी अफसरों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। रवि का कहना है कि मामले में उनकी कोई गलती नहीं थी, इसके बावजूद भी उन्हें अपमानित करते हुए नौकरी से निकाल दिया गया। थाने पर पहुंचे कंपनी कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नीरज बिड़ला ने इस बीच एमआई2सी कंपनी के प्रबंधकों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह कंपनी कर्मचारियों के साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि न केवल कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की जाती है, बल्कि गरीब और वंचित वर्ग के कर्मचारियों का शोषण भी किया जाता है। नीरज बिड़ला ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी से जुड़े एक अधिकारी आशीष राणा, जो हरियाणा के निवासी हैं, ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में नामजद तहरीर देकर सफाई कर्मियों ने कानूनी कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे कंपनी प्रबंधन के विरुद्ध बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application
for the Post of Asstt. Professor in
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
LIBRARIAN
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsmzn@rediffmail.com
Or Contact: 8937095006

# फाइनेंशियल स्टेटमेंट फॉर नॉन कॉरपोरेट एंटिटी एवं चेंजेज इन टैक्स ऑडिट फॉर फाइनेंशियल इयर 2024-25 पर एक सेमिनार का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बुस.)।** मुजफ्फरनगर ब्रांच ऑफ आईसीएआई द्वारा शुक्रवार को विष्णु विहार जानसठ रोड स्थित शाखा पर फाइनेंशियल स्टेटमेंट फॉर नॉन कॉरपोरेट एंटिटी एवं चेंजेज इन टैक्स ऑडिट फॉर फाइनेंशियल इयर 2024- 25 पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। ब्रांच चेयरमैन सीए सुरेंद्र कुमार ढींगरा ने सीए नितिन गुप्ता रीजनल काउंसिल मेंबर, सीए राजीव गुप्ता रीजनल काउंसिल मेंबर, सीए अतुल अग्रवाल स्पीकर, सीए कमल गर्ग स्पीकर और सीए अजय कुमार जैन सेशन चेयरपर्सन तथा ब्रांच समिति व उपस्थित सभी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का सेमिनार में स्वागत किया। इस सेमिनार की शुरूआत सीए कमल गर्ग ने की। उन्होंने हमारे शहर के सभी सीए को फाइनेंशियल स्टेटमेंट फॉर नॉन कॉरपोरेट एंटिटी के बारे में बताया और मेंबर्स का मार्ग दर्शन किया एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया। सेमिनार के दूसरे भाग की शुरूआत गाजियाबाद से आए प्रसिद्ध स्पीकर सीए अतुल अग्रवाल ने की। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट में क्या क्या बदलाव किए गए हैं और कैसे सीए मेंबर्स को न्यू फॉर्म में रिपोर्टिंग करनी है। कार्यक्रम के दौरान शहर के सीनियर एवं न्यू सीए मेंबर्स उपस्थित रहे साथ ही ब्रांच की मैनेजिंग कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र कुमार ढींगरा, वाइस चेयरमैन सीए सुनील कुमार, सेक्रेटरी सीए अतुल कुमार अग्रवाल, ट्रेजरार सीए संजय बंसल, एक्जीक्यूटिव मेंबर सीए सागर मंगल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीए अजय अग्रवाल, सीए संजय तायल, सीए संजय जैन, सीए विपिन कुच्छल, सीए हरिमोहन गर्ग, सीए नितिन अग्रवाल, सीए राजीव सिंघल, सीए जितेंद्र पाहुजा, सीए देवकांत, सीए आशीष जैन साथ ही भारी संख्या में मेंबर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सेक्रेटरी सीए अतुल कुमार अग्रवाल ने सभी वक्ताओं, मुख्य अतिथि और उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि "सेमिनार से सदस्यों को न केवल जानकारी मिली बल्कि उन्हें अपने कौशल को और निखारने का अवसर भी मिला।"


E-SURFER
ई- रिक्शा की
डीलरशिप के लिए
सम्पर्क करें-
Aman Automobiles
5th km stone, Meerut Road, Muzaffarnagar
M. 9634818787, 9319808428

# शारदेन स्कूल और शारदेन किड्ज के बच्चों में कविता वाचन प्रतियोगिता



**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बुस.)।** शुक्रवार को शारदेन विद्यालय के बुद्धप्रस्थ ऑडिटोरियम में हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी हाउस के कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता हम सभी के लिए उस समय और भी अधिक मनमोहक बन गई जब शारदेन विद्यालय की गांधी कॉलोनी स्थित ब्रांच शारदेन किड्स के भी नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कक्षा एक के लिए कविता प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण तथा कक्षा द्वितीय के लिए गर्मी का मौसम था। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से होप हाउस से हबीब हैदर, इस्माइल, हुदा मलिक,पीस हाउस से अयांश गोयल, हुदा शहजाद,गौरांश गोयल, करेज हाउस से जरयाब हिजदर जैदी, कियान अरोरा, आरवी बजाज, फेथ हाउस से रुद्रांश, जसमीत, त्रिजल ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कियान अरोरा तथा त्रिजल ने संयुक्त रूप से प्रथम, हुदा मलिक ने द्वितीय तथा जसमीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में शारदेन किड्स के कक्षा प्रथम के होप हाउस से अभिनव चौधरी, पीस हाउस से प्रियाल बिंदल, करेज हाउस से वासु त्यागी तथा फेथ हाउस से अथर्व लोहान ने प्रतिभाग किया, जिसमें से प्रियाल बिंदल ने प्रथम, अभिनव चौधरी ने द्वितीय, वासु त्यागी ने तृतीय तथा अथर्व लोहान ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। शारदेन किड्स के ही कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों में होप हाउस से विभूति सेन ,पीस हाउस से दिवित कुमार तथा फेथ हाउस से अश्वत कादियान ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभूति सेन ने प्रथम, अश्वत कादियान ने द्वितीय तथा दिवित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शारदेन विद्यालय के कक्षा 2 के विद्यार्थियों में होप हाउस से अयान अग्रवाल, इशानी अरोरा, अज्का फराज, पीस हाउस से हुमैरा गजाली, अनंत पुलस्त्य, नमीति शर्मा,करेज हाउस से फातिमा नाज, मोहम्मद अयान, दिविशा कौशिक तथा फेथ हाउस से इसरा अंसारी, काव्या पाल, आनिया सैनी ने प्रतिभाग किया, जिसमें से अयान अग्रवाल ने प्रथम स्थान, इशानी अरोरा तथा हुमैरा गजाली ने संयुक्त रूप से द्वितीय, काव्या पाल ने तृतीय तथा इसरा अंसारी और दिविशा कौशिक ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या धारा रतन व निदेशक विश्व रतन ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की तथा सभी विजयी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

आवश्यकता है
आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान, विष्णु विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर में निम्न स्टाफ की -
1. स्पेशल एजूकेटर-मूक बधिर बच्चों को पढ़ाने हेतु (H.I.) डिप्लोमाधारी स्पेशल एजूकेटर।
2. स्पेशल एजूकेटर-मंद बुद्धि बच्चों को पढ़ाने हेतु (M.R.) डिप्लोमाधारी स्पेशल एजूकेटर।
3. ड्राईवर- बच्चों को लाने व ले जाने हेतु वैन चालक (आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्राईविंग लाइसेन्स अनिवार्य है।)
इच्छुक व्यक्ति अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार हेतु
दिनांक 05.05.2025 से 08.05.2025 तक प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक विद्यालय परिसर में उपस्थित हों। मानदेय अनुभव व योग्यतानुसार देय होगा।
निम्न पते पर सम्पर्क करें-
आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान,
विष्णु विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में श्री कृष्णास्वामी कस्तूरी रंगन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं छात्रों ने मिलकर श्री कृष्णास्वामी कस्तूरी रंगन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्व. कस्तूरी रंगन समाज के सम्मानित प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने शिक्षा संस्कृति और समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का उदाहरण रहा है। विद्यालय की प्रबंध समिति व प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने कहा कि "कृष्णास्वामी कस्तूरी रंगन जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, उनका जीवन मूल्य, सेवा और समर्पण की अनुपम मिसाल रहा। उनकी विद्वता, विनम्रता एवं कार्यनिष्ठा ने अनगिनत विद्यार्थियों और सहकर्मियों के जीवन को दशा दी।"

# पूरे दिन नहीं आई बिजली, अधिकारी हुए पसीना-पसीना



**बुढ़ाना, 2 मई (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव जौला बिजलीघर की अंडर ग्राउंड विद्युत लाइन में अचानक से फॉल्ट आ जाने पर कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र के नागरिक पूरे दिन बिना बिजली के हलकान देखे गये। विद्युत एक्सईएन, एसडीओ, जेई व लाइनमैनों के फोन दिनभर घनघनाते रहे और उधर दूसरी ओर कई विद्युतकर्मी जौला बिजलीघर पर अंडरग्राउंड लाइन में फॉल्ट ढूंढकर उसको ठीक करने में लगे रहे। इस दौरान भयंकर गर्मी में अधिकारी और कर्मचारी पसीना पसीना हो गये। लगातार पूरे दिन 10 घंटे से भी अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही और काफी लोगों के इन्वर्टर भी फेल हो गये। हालांकि बारिश के होने से मौसम में गर्माहट तो नहीं रही लेकिन फिर भी लोग बिना बिजली पूरे हलकान रहे। लोगों के सब्र का बांध सायं चार बजे टूट गया और उन्होंने बिजलीघर की और कूच करने की घोषणा कर दी, तो एक बार विद्युतकर्मियों में हड़-कंप मच गया, लेकिन बुढ़ाना बिजलीघर के जेई मनोज कुमार बराबर काम में लगे रहे और सायं 5 बजे से पहले ही विद्युत आपूर्ति बहाल करवा दी। उधर युवा भाजपा नेता हिमांशु संगल ने इस बिजली कटौती से क्षुब्ध होकर फोन पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र से बातचीत की तो उन्होंने मेरठ में बैठे अधिकरियों से इस संबंध में बातचीत की। बिजली सुबह छह बजे के आसपास ठप्प हो गयी थी, जो कि दस घंटे से भी अधिक समय तक विद्युत कार्य के चलते बंद रही और लोग पूरे दिन परेशान रहे। सायं 5 बजे से पहले ही विद्युत फाल्ट ढूंढकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी थी।

# पूर्व कोतवाल को धमकाने वाले नेता पर फिर कार्रवाई, ढ़ोल-नगाड़ों से मुनादी कराकर धारा 84 का नोटिस किया चस्पा



**चरथावल, 02 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने पूर्व प्रधान लियाकत के घर धारा 84 बीएनएसएस का नोटिस चस्पा किया है। इंस्पेक्टर जयकिशोर के नेतृत्व में पुलिस टीम शुक्रवार दोपहर ग्राम न्यामू पहुंची, जहां लियाकत पूर्व प्रधान के मकान व सार्वजनिक स्थलों पर ढोल-नगाड़े बजवाकर मुनादी कराई एवं नोटिस चस्पा किया। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयकिशोर सिंह व एसआई अंसारुल हक हाशमी, एसआई कौशलेन्द्र आदि ने मुकदमा अपराध संख्या 15/25 धारा 126/2,308/2,352 बीएनएसएस में फरार चल रहे चर्चित अभियुक्त लियाकत उर्फ नानू व गुलजार पुत्र लियाकत निवासी न्यामू के घर धारा 84 बीएनएसएस का नोटिस चस्पा किया है। चरथावल थाना प्रभारी ने बताया कि लियाकत पर 22 मुकदमे दर्ज हैं और वह चरथावल थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। साथ ही उनके पुत्र गुलजार पर भी 7 मुकदमे दर्ज हैं। लॉकडाउन के दौरान 2 मई 2019-20 में गांव न्यामू में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में लियाकत ने तत्कालीन थाना प्रभारी एमपी सिंह को धमकी दी थी। अभियुक्त लियाकत व गुलजार के विरुद्ध न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी करने के बाद पेश न होने 84 बीएनएसएस उद्घोषणा के अनुपालन के पुलिस को आदेश दिए। इंस्पेक्टर जयकिशोर ने न्यायालय की उद्घोषणा को फरार अभियुक्त के आवास पर चस्पा कराया। इंस्पेक्टर जयकिशोर ने पुलिस कर्मियों के साथ ढोल-नगाड़े से आरोपियों के मकान व सार्वजनिक स्थल पर मुनादी कराकर फरार आरोपित के बारे में सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है।

# गायब हुई किशोरी पुलिस का सिरदर्द बनी.....

### - महिला समेत 3 आरोपी जेल भेजे गये



**बुढ़ाना, 2 मई (बु.)।** पिछले 6 दिनों से घर से अचानक गायब हुई एक किशोरी बुढ़ाना पुलिस का सिरदर्द बनी हुई है। पुलिस पर एक समाज के लोगों का और फिर ऊपर से एक हिंदू नेता का दबाव पड़ा तो बुढ़ाना पुलिस को एक महिला समेत 3 लोगों को?जेल भेजना ही पड़ा, जबकि किशोरी और उसको बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। अगर देखा जाए, तो गायब किशोरी के मामले में अपनी राजनीति चमकाने को कुछ लोग बिना वजह ही बुढ़ाना पुलिस पर अनावश्यक दबाव? बनाए हुए हैं और पुलिस को काम भी नहीं करने दे रहे हैं। इसमें कुछ लोगों द्वारा बुढ़ाना क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने के लिए राजनीति हो रही है, ये भी किसी से छुपा हुआ नहीं है। दरअसल किशोरी और आरोपी अलग- अलग समुदायों से हैं। सूत्र बताते हैं कि किशोरी अपने ही गांव के युवक के साथ प्रेम प्रसंग के चलते गयी है, लेकिन इसमें नामजद दो लोग तो ऐसे हैं, जिनका इस केस से दूर-दूर तक भी कोई वास्ता नहीं है। अगर इस केस में पुलिस को फ्री माइंड काम करने दिया जाए, तो जल्द ही दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। दूसरी ओर इस मामले में गांव में एक बैठक भी इसी को लेकर हुई, जिसमें किशोरी के पिता ने बहुत ही अच्छी बात कही कि उसकी लड़की उसे दिला दी जाए, तो वो केस भी वापस ले लेगा। गांव के प्रधान ने भी दोनों की तलाश अपने स्तर से शुरू कर दी है। इसके अलावा बुढ़ाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त मनीष पुत्र नत्थू निवासी ग्राम कितास थाना रतनपुरी को शुक्रवार को खतौली तिराहे से खास मुखबिर की सूचना पर अरेस्ट करके जेल भेज दिया है।

# विद्युत आपूर्ति बंद होते ही लाखों की कीमत का ट्रांसफार्मर चोरी

### - कहीं अपना विभीषण ही तो लंका नहीं जला रहा

**बुढ़ाना, 2 मई (बु.)।** विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद होते ही अज्ञात चोरों ने भी अपना कमाल दिखा दिया। चोरों ने खंभों के ऊपर रखा विद्युत ट्रांसफॉर्मर नीचे गिराकर उसमें लगा कीमती सामान चोरी कर लिया। अभी पिछले हफ्ते ही अज्ञात चोरों ने गांव सठेड़ी में भी इसी तरह की घटना को? अंजाम दिया हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के गांव जौला के मौहल्ला गढ़ीवालान में नहर के पुल के पास अजमल के घर के सामने खंभों पर टिके नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर को अज्ञात चोरों ने अर्धरात्रि में बिजली भागते ही नीचे गिरा लिया और उसमें लगी एक लाख रुपये की कीमत की तांबे की कोयल व बिजली के तेल के अलावा कीमती सामान चोरी करके पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगा दिया। घटना का पता आज सुबह तब लगा जब आते जाते ग्रामीणों ने नीचे जमीन पर पड़े हुए ट्रांसफार्मर का खाली खोखा देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने तुरंत बुढ़ाना पुलिस और जौला बिजलीघर पर तैनात विद्युतकर्मियो को दी तो पुलिस और विद्युतकर्मी मौके पर पहुंचे। इस ट्रांसफॉर्मर के चोरी होने से पूरे मौहल्ले की लाइट गुल हो गयी, जिसके चलते ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति रोष है और कह रहे हैं कि चोरों को कैसे पता लगा कि अब बिजली भागने वाली है। उन्होंने इस घटना में किसी विद्युतकर्मी की संलिप्तता की बात कही। लोगों के अनुसार रात चोरी की घटना के समय बिजली भगाने का क्या औचित्य था, इसकी जांच जरूरी है, क्योंकि उन्हें कर्मचारियों पर शक है।

# गाली-गलौच कर दी जान से मारने की धमकी

**भोपा, 02 मई (बु.)।** गांव कसौली में दबंगों ने ग्राम प्रधान के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। प्रधान ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी ग्राम पंचायत कसौली की वर्तमान ग्राम प्रधान सरिता ने शुक्रवार को थाने में प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही, अपने आप को किसान यूनियन का नेता बताने वाले दो युवक आए दिन नेतागर्दी दिखाते हुए पैसे मांगते हैं, आज वह मेरे घर आकर गाली-गलौच करने लगे। घर पर मेरी पुत्री अकेली थी, मेरी पुत्री ने बताया कि अजहर गाली-गलौच घर पर आकर करके गया है, मैं उनके घर समझाने गई, तो दोनों ने मेरे साथ भी गाली-गलौच करते हुए धक्का मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। मेरे पति सतीश ने मुझको बचाने की कोशिश की, तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मेरे पति के साथ भी मारपीट की। अब थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# पूर्व मंत्री दीपक कुमार के पौत्र रहे गिलफोर्ड काउंटी की मिडिल स्कूल प्रतियोगिता में उप विजेता



**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बु.)।** पूर्व मंत्री दीपक कुमार के पौत्र ने अमेरिका की विभिन्न स्कूली छात्रों के बीच संपन्न हुई शतरंज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर गौरवान्वित किया है। बीते दिनों अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में किसर मिडिल स्कूल बेंजामिन पार्कवे ग्रीन्स बोरो में जीएससी मिडिल स्कूल स्प्रिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका के गिलफोर्ड काउंटी के मिडिल स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने हिस्सा लिया। पांच राउंड चली प्रतियोगिता में लिंकन अकेडमी की ओर से छठी कक्षा के छात्र ऋषभ सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी प्राप्त की। पूर्व मंत्री दीपक कुमार व उनकी पत्नी प्रसिद्ध कवयित्री पुष्पलता अधिवक्ता ने बताया कि अमेरिका में यह नॉर्थ कैरोलिना के स्कूल्स की साझा प्रतियोगिता थी, जिसमें लिंकन अकेडमी की ओर से ऋषभ सिंह ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र राहुल सिंह अमेरिका में इंजीनियर है और परिवार के साथ वहां बसा हुआ है। उन्होंने बताया कि पौत्र ऋषभ सिंह के शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने की जानकारी पाकर वे लोग भी अमेरिका गए थे।







## खालापार, सिटी सेंटर, मीनाक्षी चौक भी हुए बंद

**मुजफ्फरनगर।** अन्य बाजारों की तरह पाकिस्तान के खिलाफ खालापार, सिटी सेंटर, मीनाक्षी चौक में भी आक्रोश दिखाई दिया। जनाक्रोश रैली का समर्थन करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने भी देश के लिए कंधे से कंधा मिलाकर इस रैली में अपना सहयोग प्रदान कर खुद ही बाजार बंद कर लिये। खालापार का शहीद चौक हो या फक्कर शाह चौक या खालापार से सटा मीनाक्षी चौक या फिर सिटी सेंटर का बड़ा मार्किट हो सभी ने अपने बाजार बंद करने में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती। जनाक्रोश रैली के अह्वान के बाद ऐसा लग रहा था कि इस रैली में सिर्फ हिन्दू संगठन ही भाग लेंगे, मगर स्वेच्छा से बाजार बंद के ऐलान पर बंद हुए मुस्लिम समाज के बाजारों ने यह साबित किया कि वे पूरे देश के साथ हैं और पाकिस्तान के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई जो भी भारतवर्ष में रहता है वह पहले भारत के साथ रहेगा। देश के नाम पर जातिवाद की कोई बात नहीं होगी।

# आज जीआईसी मैदान में भाकियू की महापंचायत

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हॉल के मैदान में राकेश टिकैत से हुई अभद्रता के बाद उनके निवास पर जमकर भीड़ देर रात तक जुटी रही, जहां राकेश टिकैत और नरेश टिकैत ने ऐलान किया कि कल जीआईसी मैदान में

**हिन्दू संगठन भी रहेंगे सावधान**

बड़ी महापंचायत होगी और इस अपमान का निर्णय पंचायत के बीच में बैठकर ही लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि हमने अलग से कोई अलग से निर्णय लिया तो फिर हम पर विभिन्न प्रकार के आरोप लगने शुरू हो जायेंगे। नरेश टिकैत ने अपील की कि कल पंचायत में भाग लेने वाले सभी किसानों से उनका अनुरोध है कि जो भी किसान इस पंचायत में शामिल होगा वह कहीं भी कोई





तोड़फोड़ नहीं करेगा। सूझ-बूझ से सभी लोग एकजुट होकर निर्णय लेंगे और जिन लोगों ने राकेश टिकैत के खिलाफ षड़यंत्र रचा है, उन्हें हर हाल में बेनकाब करके सजा दिलाने का काम किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर हिन्दू संगठनों ने भी शनिवार को होने जा रही पंचायत पर अपनी कमर कसी है। उनका कहना है कि यदि किसान पंचायत में हिन्दू संगठनों का अपमान करने की कोशिश की गयी तो वे भी अगले आन्दोलन के लिए तैयार हैं। और किसी भी सूरत में वे झुकेंगे नहीं चाहे पूरा बाजार दोबारा ही बंद क्यों न करना पड़े।

# हत्या में वांछित दस हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 2 मई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस को हत्या में वांछित चल रहे दस हजार के इनामी को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस ने उसके पास से लूटी हुई ई रिक्शा, एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने घायल इनामी बदमाश को उपचार के लिए भिजवा दिया है।

थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल को कमलनगर निवासी घसीटू ने नई मण्डी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 15 अप्रैल को उसके बेटे शुभम पाल की ई रिक्शा को सचिन निवासी अमित विहार कूकड़ा व उसका ससुर प्रवीण निवासी गांधीनगर कूकड़ा बुक कर ले गए थे। उसके बाद से उसका बेटा लापता चल रहा है। पुलिस ने आरोपी सचिन को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ की तो उसने अपने ससुर के साथ उसकी ई रिक्शा लूटने के इरादे से हत्या करना स्वीकार किया था।



पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव भोपा थाना क्षेत्र के जंगल में बरामद कर लिया था। इस मामले में उसका ससुर प्रवीण तभी से फरार चल रहा था, जिस पर डीआईजी अभिषेक सिंह ने उस पर दस हजार का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को जिस समय नई मंडी कोतवाली पुलिस कूकड़ा पुलिया पर चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध ई रिक्शा को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में ई रिक्शा चला रहा दस हजार का इनामी प्रवीण गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से लूटी गयी ई रिक्शा व एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भिजवा दिया है।

# नवजात की मौत के बाद प्राइवेट हॉस्पिटल हुआ सील

**मुजफ्फरनगर, 2 मई (बु.)।** आपको बता दें कि गुरूवार को उस समय एक गर्भवती महिला सुषमा पत्नी विशाल की मौत हो गयी थी, जब वह प्रसव पीड़ा के दौरान तितावी थाना क्षेत्र के बघरा स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम पर उपचार के लिए पहुंची थी। हॉस्पिटल में मौजूद डॉक्टर ने बच्चे के गले में नाल फंसने की बात कहकर गर्भवती महिला सुषमा को वहलना चौक स्थित एक हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया था, जहां वहलना चौक स्थित हॉस्पिटल के डॉक्टर ने बताया कि शिशु की पेट में पहले से ही मौत हो चुकी है। इस पर सुषमा के पति विशाल कश्यप व अन्य परिजनों के साथ बघरा के शुभकामना नर्सिंग होम पर वापस पहुंचे और आरोप लगाते हुए वहां हंगामा किया। शुक्रवार को बघरा सामुदायिक, सैदपुरा खुर्द निवासी गर्भवती महिला सुषमा पत्नी विशाल कश्यप के पेट में नवजात शिशु की मौत हो गई थी। शुक्रवार को इस मामले में सीएचसी प्रभारी बघरा डॉ. अश्वनी अपनी टीम को साथ लेकर शुभकामना नर्सिंग होम पर छापेमारी करने पहुंचे और कार्यवाही के बाद अस्पताल को सील कर दिया। उनका बताना है कि नर्सिंग होम संचालक डॉ. ओसामा से चिकित्सा संबंधित कागज मांगे गये तो किसी तरह का कोई भी चिकित्सकीय प्रैक्टिस सम्बन्धी कागज नहीं दिखा पाया। डॉ. अश्वनी ने उक्त नर्सिंग होम संचालक को नोटिस देकर जवाब मांगा है। साथ ही नर्सिंग होम संचालक व महिला चिकित्सक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की भी बात कही है।

# प्रभारी मंत्री ने जाना विकास कार्यों की प्रगति का हाल

**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बु.)।** जनपद के प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री उर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग डॉ. सोमेंद्र तोमर ने विकास भवन के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों को यूपी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए धरातल पर कार्य किए जाने की जरुरत पर बल दिया। बैठक में मंत्री को डीएम उमेश मिश्रा एवं सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण ने जनपद में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की इस बीच समीक्षा करते हुए अफसरों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों का जो लक्ष्य निर्धारित है, शत-प्रतिशत पूर्ण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास कार्यों में जो भी कार्य अवशेष हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता ना बढ़ती जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष के कार्यों के लिए कार्य योजना बना कर, कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे जो विकास कार्य का लक्ष्य है वह



ससमय पूर्ण हो सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि सड़कों के चौड़ीकरण के साथ सुंदरीकरण के जो कार्य अवशेष हैं, उनको शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि हर घर जल योजना के अंतर्गत जो कार्य अवशेष हैं उनको शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी जाती है उस सड़क को ठीक भी कराया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए शहर एवं ग्रामीण में विद्युत आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिए जाने के साथ जहां पर ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाते हैं, उनको निर्धारित समय सीमा में बदल जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि संयुक्त टीम बनाकर जहां जहां अतिक्रमण है, उसे कब्जा मुक्त कराने के साथ यह भी निर्देश दिए कि ठेला लगाने वाले लोगों के आईडी कार्ड बनाए जाएं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा, विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह, एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी, एसडीएम खतौली, सीओ खतौली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के प्रभारी मंत्री का आज का दौरा स्थगित

**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बु.)।** जनपद के प्रभारी डॉ. सोमेन्द्र तोमर शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे के बीच खतौली पहुंचे थे, जहां उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न स्थलों का दौरा करते हुए सरकार द्वारा शुरू योजनाओं का सच जाना, वहीं जिला मुख्यालय पहुंच अफसरों संग जनपद में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। देर सायं प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर वापस मेरठ लौट गए। ऐसे में शनिवार को होने वाले उनके कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए।

## दिल्ली, यूपी, छत्तीसगढ़ में आंधी-बारिश से तबाही, 10 लोगों की मौत

**दिल्ली, 02 मई (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। गुरुवार रात दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तेज आंधी और बारिश हुई। इसके साथ बिजली गिरने की घटनाएं भी हुईं, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली और यूपी में 4-4 लोगों की जान गई, वहीं छत्तीसगढ़ में 2 लोगों की मौत हुई। दिल्ली में तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के कारण कई इलाकों में पेड़ गिर गए और जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा फ्लाइट्स देर से चलीं और 3 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के मथुरा, गाजियाबाद और सहारनपुर जैसे शहरों में तेज बारिश से सड़कें लबालब हो गईं। बिजली गिरने से कई इलाकों में जान-माल का नुकसान हुआ। छत्तीसगढ़ में भी तेज तूफान और बारिश का असर दिखा। रायपुर में 70 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। बेमेतरा में 2 लोगों की मौत हुई और कई जगहों पर बिजली गुल रही। मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों के लिए भी अलर्ट जारी किया है। मध्यप्रदेश, ओडिशा, उत्तराखंड, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा जैसे राज्यों में ओले गिरने की संभावना है।

# मौसम का मिजाज बदलने से प्रभावित हुई विद्युत आपूर्ति

**▶ दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी के 60 जनपद हुए प्रभावित ▶ नगर में 4 एमएम दर्ज की गई बारिश, गर्मी से मिली राहत ▶ आंधी तूफान से 122 बिजली घर हुए प्रभावित, आपूर्ति रही ठप**

**मुजफ्फरनगर, 02 मई (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ यूपी में मई महीने में मौसम का मिजाज बदल जाने से गुरूवार देर रात्रि से शुक्रवार सुबह तक प्रदेश के 60 से अधिक जनपदों में आंधी-तूफान के साथ बारिश और कुछ क्षेत्रों में वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था। ऐसे में गुरूवार मध्य रात्रि के बाद शुक्रवार सुबह कुछ जिलों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने से जहां एक ओर तापमान में भी थोड़ी गिरावट आई, वहीं बारिश से मौसम ठंडा और आंधी तूफान के कारण बड़ी संख्या में बिजलीघरों में नुकसान के साथ बिजली दोपहर बाद तक गुम रही। मौसम के बदले मिजाज से कुछेक किसानों को नुकसान होने की बात भी सामने आयी। गुरूवार रात्रि के बाद शुक्रवार सुबह बारिश और तेज हवाओं का दौर बना रहने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने के साथ विभाग को भारी नुकसान झेलना पड़ा। तेज हवा एवं बारिश के कारण जनपद की कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने के साथ ही हाईटेंशन लाइनों में आए ब्रेक के कारण दोपहर तक 40 से भी अधिक बिजलीघर बंद रहे। इन बिजलीघरों से सप्लाई नहीं हो पायी। वहीं रोहाना बिजलीघर से दिनभर में मात्र दो घंटे सप्लाई हुई। उधर, शहर के मौ. मिमलाना रोड, शामली रोड, रुड़की रोड,



महावीर चौक आदि बिजलीघरों से सप्लाई बंद होने से विभिन्न क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति भी प्रभावित रही। मौसम विभाग के जारी किए अलर्ट के बीच गुरूवार देर रात्रि में अचानक से मौसम खराब हो गया। ऐसे में आसमान में काले बादल छा जाने के साथ ठंडी हवा चलने लगी। हालांकि इस दौरान भीषण गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली, लेकिन जनपद की बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से लोगों को पानी के लिए सुबह के वक्त परेशान होना पड़ा। नगरीय क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते नरा, भोपा रोड, जौली रोड आदि से आ रही हाईटेंशन लाइनों में पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गई, जिस कारण लाइनों में ब्रेकडाउन होने और हाइटेंशन लाइनों में इस बीच फाल्ट होने के कारण करीब 122 बिजलीघर प्रभावित रहे। बारिश रुकने पर कर्मियों ने घंटों मशक्कत करते हुए सप्लाई को चालू करने का काम किया। दोपहर तक करीब 40 बिजली घरों पर फाल्ट होने के कारण इस बीच बंद रहे। मौसम विभाग ने इसे लेकर पहले से ही येलो अलर्ट जारी किया हुआ था। जिसमें शुक्रवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र के 40 से अधिक जनपदों में मौसम का असर दिखाई दिया। मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव के अनुसार इस बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिसके कारण अगले 2 से 3 दिनों तक यूपी के आसमान में भी बादल छाए रहेंगे. इस दौरान तापमान में भी थोड़ी गिरावट आ सकती है। हालांकि न्यूनतम तापमान में बहुत बदलाव के आसार नहीं दिखाई दे रहा है।

# हाईकोर्ट से भी नहीं मिली शाहनवाज को राहत

**मुजफ्फरनगर, 2 मई (बु.)।** जीएसटी चोरी मामले में 5 दिसम्बर से जेल में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राना को हाईकोर्ट से राहत नही मिली है। उनकी जमानत पर सुनवाई 13 मई को होगी। आपको बता दें कि पूर्व विधायक शाहनवाज राना 5 दिसम्बर से जेल में बंद हैं और उनकी लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कभी जेल में मिले सिम पर उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं तो आज उन्हें जीएसटी चोरी के मामले में हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली। 5 दिसम्बर को पूर्व सांसद कादिर राना की फैक्ट्री में सैंट्रल जीएसटी की टीम ने छापेमारी की थी। इस दौरान टीम के अधिकारियों के साथ अभद्रता व उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी गयी। पुलिस ने मौके से पूर्व विधायक शाहनवाज राना, पूर्व सांसद की दो बेटियां व भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उक्त मामले में उनकी दो बेटियों व भतीजों एवं शाहनवाज राना को जमानत मिल गयी थी। जबकि जीएसटी चोरी के मामले में शाहनवाज को जमानत नहीं मिल पाई थी। वर्तमान में वह चित्रकूट जेल में बंद है। वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में चल रही है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हाईकोर्ट में उनकी जमानत पर सुनवाई नहीं हो सकी। जमानत पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 13 मई की तिथि नियत की है।



## शाहनवाज मामले में गैंगस्टर में निरुद्ध तीन को मिला स्टे

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें कि थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुकदमे के आधार पर पूर्व विधायक शाहनवाज राना, उनके साले कामरान राना, बेटे शाहआजम राना, जिला अब्बास जैदी व तौसीफ के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि गैंगस्टर के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राना के बेटे शाहआजम राना, जिया अब्बास जैदी व तोसिफ को हाईकोर्ट से स्टे मिला है।

## समधी तौसीफ मौहम्मद गाजी की जमानत पर होगी सुनवाई

मुजफ्फरनगर। आपको बता दें कि पूर्व विधायक शाहनवाज राना के समधी भी जेल में शाहनवाज राना को सिम पहुंचाने के आरोप में बंद हैं। उक्त मामले में आज (शनिवार) को उनके समधी पूर्व विधायक मो. गाजी की जमानत पर आज सुनवाई होगी। पूर्व विधायक शाहनवाज राना को जेल में सिम उपलब्ध कराने के मामले में वह जेल में बंद है। आपको यह भी बता दें कि उन पर कूटरचित तरीके से जेल तक सिम पहुंचाने का आरोप लगने के बाद मुकदमा दर्ज कर उन्हें नई मण्डी कोतवाली में तलब किया गया था, जिसके बाद उन्हें वहीं से जेल भेज दिया गया था। आज उनकी जमानत पर सुनवाई होगी।

## बिजली गिरने से तीन मरे

**फिरोजाबाद 02 मई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में शुक्रवार सुबह तेज आंधी और बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो मनरेगा मजदूर समेत तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि एक घायल है। जिले में आज सुबह घनघोर काली घटा के घिरने से दिन में भी रात नजर आ रहा था। इस बीच आई तेज आंधी बारिश के साथ तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। बारिश के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंचा है वहीं बिजली आपूर्ति व्यवस्था एकदम ठप हो गई। जगह जगह तार और पेड़ टूटने की भी जानकारी मिली है। सिरसागंज क्षेत्र में गांव नानेमऊ के समीप मनरेगा का काम कर रहे मजदूर बारिश से बचाव के लिए पेड़ के नीचे बैठ गए थे कि तभी बिजली गिरने से तीन मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनमें सत्येंद्र (35) और विष्णु (35) की मौत हो गई जबकि देवेंद्र का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**हिन्दू कार्यकर्ताओं से घिरे बामुश्किल निकाले गए राकेश टिकैत**









पीछे के दरवाजे से राकेश टिकैत को ले जाती पुलिस











जनाक्रोश रैली में अपने अपने अंदाज में आक्रोश व्यक्त करते गणमान्य लोग